BANARAS BEADS LIMITED
AN EXPORT HOUSE RECOGNISED BY GOVERNMENT OF INDIA
CIN No. L01131UP1980PLC004984
Manufacturers & Exporters of All kind of Beads, Fashion Jewelry and Accessories.
AN ISO CERTIFIED COMPANY
Regd. & Head Office : A-1, Industrial Estate, Varanasi - 221106 (INDIA)
Phones : +91-542-2370161-4 (4 Lines)
Fax : +91-542-2370165, 2370214
E-mail : rksingh@banarasbead.com investor@bblinvestor.com
Website : www.banarasbead.com

REF.: BBL/SECT/ August 2, 2020

To,

The BSE Limited
Department of Corporate Services,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400001

The National Stock Exchange Of (I) Ltd.,
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No.C/1, G-Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
**Mumbai - 400 051**

**Sub.: Published copy of Un-Audited Financial Results for quarter ended on 30th June' 2020 in compliance of Securities and Exchange Board of India (Listing obligations and Disclosure requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Please find enclosed herewith published copy Un-Audited Financial Results for quarter ended on 30th June' 2020 in compliance of Securities and Exchange Board of India (Listing obligations and Disclosure requirements) Regulations, 2015.

The said result was published in Business Standard (English) edition and in Amar Ujala (Hindi) edition newspaper on 01.08.2020.

Kindly take the above documents on the records and acknowledge the receipt of the same.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **BANARAS BEADS LIMITED**

**(R.K. SINGH)**
**COMPANY SECRETARY**
**Encl. As above**

# छितौनी कोट गांव में दावेदारी करने वाले अभी से सक्रिय

## विकास के मुद्दे पर पिछली बार हुआ था पंचायत चुनाव




**रोहनिया।** काशी विद्यापीठ विकास खंड के छितौनी कोट गांव की आबादी 4200 है। यहां 2200 मतदाता हैं। गांव में पंचायत चुनाव में दावेदारी करने वाले अभी से सक्रिय हो गए हैं। गांव में किसान, व्यापारी, शिक्षक, मजदूर, समाजसेवी सभी वर्ग के लोग रहते हैं। गांव में प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल है। गांव में दो तरफ से रोड सटा हुआ है। पिछली बार विकास के मुद्दे पर चुनाव हुआ था। इस बार भी विकास ही मुद्दा बनेगा। पंचायत चुनाव की घोषणा अभी नहीं हुई है पर ग्रामीणों को लुभाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

गांव में वर्तमान ग्राम प्रधान भी अपनी दावेदारी से पीछे नहीं हैं। दावेदार अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। चुनाव की अधिसूचना जारी न होने और ग्राम सभाओं के आरक्षण की स्थिति का पता न लगने के कारण तमाम दावेदार अभी मौन है। ग्राम पंचायत में जातिगत आरक्षण को लेकर दुविधा बनी हुई है। उसके लिए भी दावेदार तैयार है। कई दावेदारों ने बताया कि ऐसा होने पर वे अपने मनपसंद के आरक्षित श्रेणी के उम्मीद्वार को चुनाव मैदान में उतारेंगे।

गांव में पेयजल की समस्या है। संपर्क मार्ग खराब हो गए हैं। ग्राम सभा की 15 बीघा जमीन को कान्हा उपवन के लिए दिया गया है, जिस पर कान्हा उपवन निराश्रित पशुओं के लिए बनाया गया है।



प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल की चारदीवारी का निर्माण, विद्यालय में टाइल्स लगवाया गया है। जर्जर कोऑपरेटिव भवन को मरम्मत कराकर ठीक करवाया। सीवर की व्यवस्था, इंटरलॉकिंग सड़क, विद्युतीकरण करवाया। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए गांव में जल निगम की ओवरहेड टैंक की टंकी का निर्माण कार्य हो गया है। दो सप्ताह में वह चालू हो जाएगा, जिससे लोगों को पीने की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। **– श्रवण कुमार राय, छितौनी कोट गांव के ग्राम प्रधान**



गांव में विकास कार्य उतना नहीं हुआ है, जितनी जरूरत है। विकास कार्यों की स्थिति डांवांडोल है। ग्राम सभा की तरफ से वही खड़ंजा उखाड़ कर लगाया गया है। जितना ग्राम सभा में पैसा आया है उसके अनुरूप विकास कार्य नहीं हुआ है। **-पूर्व प्रधान मदन सिंह**



हमने अपने कार्यकाल में जो चीजें स्वीकृत करवाई थी। वही काम हो रहा है। इन्होंने अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं किया है, जिससे गांव की समस्या खत्म हो गई हो। एक संपर्क मार्ग खराब है। **– पूर्व प्रधान रामनाथ**



विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ें थे तो प्रधान ने विकास करवाये हैं। गांव में विद्युतीकरण, सीवर, इंटरलाकिंग विद्यालय की स्थिति को ठीक कराए है। बीते सालों में जितना काम नहीं हुआ है, उससे कहीं अधिक काम हुआ है। **- अजय कुमार मिश्रा, ग्रामीण**

# हत्या के मामले में एक और हिरासत में

### छह युवकों को किया जा चुका है गिरफ्तार, पुलिस दो वांछित की कर रही थी तलाश

**वाराणसी।** मंडुवाडीह, रोहनिया और पड़ाव क्षेत्र निवासी तीन युवकों की हत्या और 4.73 लाख रुपये की जालसाजी के मामले में वांछित एक और युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। रोहनिया पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मंडुवाडीह क्षेत्र निवासी सुमित श्रीवास्तव, रोहनिया क्षेत्र के बृजेश विश्वकर्मा और पड़ाव के राजू की हत्या में पुलिस ने गुरुवार को मास्टरमाइंड अभिषेक जायसवाल सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। प्रकरण में पुलिस को मास्टरमाइंड अभिषेक के रिश्तेदार राजातालाब निवासी सौरभ उर्फ लालू और सोनू मोदनवाल की तलाश थी। रोहनिया थाने की पुलिस के अनुसार, बृजेश की हत्या में सोनू ने अभिषेक और सौरभ का साथ दिया था। सोनू को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पूरा प्रयास यह है कि राजू और सुमित के शव के बारे में पता लगाया जा सके।

# बारिश होते ही तालाब बन जाता है जैतपुरा-नाटी इमली मार्ग

## 15 लाख रुपये से बनी सड़क खस्ताहाल, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही मरम्मत

ग्राउंड रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

**वाराणसी।** जैतपुरा से नाटी इमली मार्ग मौजूदा समय में खस्ताहाल है। यहां के लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन अब तक सड़क को बनाने की दिशा में काम शुरू नहीं हुआ है। डेढ़ किमी सड़क बीते अक्टूबर में 15 लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी। अब इस सड़क की देखभाल नगर निगम की ओर से नहीं किया जा रहा है। इस सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। लोग गिरते-पड़ते अपने मंजिल तक पहुंच रहे हैं।

बारिश ने इस सड़क को और खराब कर दिया है। गिट्टियां उखड़ गई हैं तो बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा बन गए हैं। यहां के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बारिश में पानी सड़क पर भर जाता है।



संजय नगर कालोनी की सड़क जगह-जगह से खराब हो चुकी है।

**सीवर ओवरफ्लो है तो पेयजल पाइप में लीकेज है**



कई बार सड़कों की शिकायत की गई है लेकिन अधिकारियों को सुनाई नहीं दे रहा है। यही कारण है कि आए दिन सड़कें खराब हो रही हैं। जब कोई वीआईपी आता है तो बनाई जाती है। - **अभिषेक द्विवेदी**



इस क्षेत्र की सड़क काफी खराब हो चुकी हैं। सड़कों को बेहतर ढंग से बनाया जाए तो इतनी जल्दी न खराब हो। सड़क की गिट्टियां उखड़ कर बिखर जा रही हैं। **-मुकेश यादव**



आए दिन खराब सड़कों पर लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों को दिखाई नहीं पड़ रहा है। बेहतर ढंग से सड़क बनाते ऐसी समस्या जनता न झेलती। - **अनमोल विश्वकर्मा**



सड़कों को बेहतर ढंग से बनाना चाहिए। ताकि सड़क लंबे समय तक चले। अधिकारी ऐसा नहीं करते हैं। सड़कों को बनाने में मानकों का ध्यान रखना चाहिए। **– हेमंत कुमार**

# कभी कूड़े से पटा था पार्क, अब है हरा-भरा

## कालिया पार्क : सुबह-शाम टहलने वाले लोग ही सेवा भाव से करते हैं देखभाल

अमर उजाला ब्यूरो

**आइए संवारे शहर के पार्क**

**वाराणसी।** कूड़ा से पट चुके कालिया नगर कॉलोनी के पार्क को स्थानीय लोगों ने सजा संवार कर अच्छा बनाया है। लक्षा मार्ग पर स्थित कालिया पार्क को लोगों ने पहल कर इस इसे सुधारने का बीड़ा उठाया। पहले तो पार्क में पड़े कूड़े को अपने निजी खर्च से उठाया। मिट्टी की खुदाई करवाई। इसके बाद उसने अच्छी मिट्टी और खाद डाला गया। बाद में स्थानीय लोगों ने इसमें पौधे लगाए और आज यह अच्छे पार्कों में से एक माना जाता है। कॉलोनी में रहने वाले लोग सुबह शाम यहां पर सेवा भाव से आते हैं और पौधों की देखभाल करते हैं। पौधों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। इनकी देखभाल करने वाले लोगों को कहना नहीं पड़ता है।



कोई भी पार्क तभी बचेगा जब स्थानीय लोगों से जुड़ेंगे कालिया नगर पार्क को बचाने में यहां के लोगों ने काफी सहयोग किया है। यहां आने वाले लोग नियमित सेवा भाव से काम करते हैं। पौधों की नियमित देखभाल की जाती है। – **प्रेम पेशवानी**

पार्क को संवारने में यहां की जनता ने काफी सहयोग किया है। पहले लोग पार्क की जमीन पर कूड़ा डाल कर चले जाते थे। जिससे काफी बदबू होती थी। बाद में लोगों ने जागरूकता फैलाकर साफ सफाई की और इसकी देखभाल करनी शुरू की। – **पीयूष चौरसिया**

## मुस्लिम महिलाओं ने कहा, हम शुक्रगुजार हैं पीएम मोदी के

**वाराणसी।** तीन तलाक कानून पास होने की पहली वर्षगांठ पर शुक्रवार को मुस्लिम महिलाओं ने पीएम मोदी का आभार जताया। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय सिगरा स्थित गुलाब बाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली से जुड़े केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मुस्लिम महिलाओं से सीधा संवाद किया।

इस दौरान हुस्ना बेगम व सदफ आलम ने कहा कि हम शुक्रगुजार हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, जिन्होंने ने तीन तलाक को खत्म किया और इसे अपराध की श्रेणी में लाएं। भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि केंद्रीय मंत्रियों ने वाराणसी की मुस्लिम महिलाओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद रहे। संवाद में सीमा बानो, नसीमा बानो, अलीमुन वीसा, रसी फातमा, नूर फातमा, आबिदा बेगम, रौनक बेगम आदि रहीं। ब्यूरो

# तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम, अब प्रचार-प्रसार जरूरी

**तीन तलाक कानून का एक साल पूरा**

अमर उजाला ब्यूरो

**वाराणसी।** 30 जुलाई 2019 को देश की संसद ने तीन तलाक के खिलाफ कानून पास करके इसे दंडनीय अपराध माना था। इस कानून को एक अगस्त 2019 से लागू किया गया था। इस कानून को लागू हुए एक साल हो गए।

जिले के विधिवेत्ताओं, समाजशास्त्रियों और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का कहना है कि तीन तलाक कानून पास होने का असर मुस्लिम समाज की महिलाओं की सुरक्षा पर नजर आने लगा है। हालांकि इसके प्रचार-प्रसार की अभी भी ज्यादा आवश्यकता है। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का कहना है कि इस कानून की एक अरसे से जरूरत थी। अब कम से कम आने वाली पीढ़ी की बेटियों को यह डर नहीं सताएगा कि उन्हें बिना कारण तलाक दिया जा सकता है। वे इस कानून से खुश हैं।

## तीन तलाक की घटनाओं में आई कमी



मुस्लिम महिला फाउंडेशन की ओर से तीन तलाक से आजादी की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुस्लिम महिलाओं ने गीत गाए और खुशियां मनाईं।

**वाराणसी।** सैकड़ों वर्षों से तीन तलाक जैसी कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाने वाले कानून को बने एक साल हो गए। शुक्रवार को मुस्लिम समाज की महिलाओं ने मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ लमही में महिला कचहरी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के लिये बधाई गीत गाया गया। फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को आजादी दो महापुरुषों की वजह से मिली है। आज परिस्थिति बदल चुकी है, मुस्लिम महिलाओं के पास कानून का अधिकार है। कानून बनने के बाद तीन तलाक की घटनाओं में कमी आयी है। विशाल भारत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि तीन तलाक के खौफ से आजाद मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी में बहुत परिवर्तन आया है। इस दौरान नजमा परवीन, सोनी बानो, शहनाज, रूकसाना बानो, नाजमा, नगीना बानो, अर्चन भारतवंशी, डॉ. मृदुला जायसवाल, सुनीता श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, गीता, इली, खुशी, उजाला, शिखा, राधा आदि मौजूद रहीं।



हम इस कानून का न तो स्वागत करते हैं और न विरोध करते हैं। इस कानून से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। शरियत के मुताबिक तलाक एक-एक महीने के अंतराल पर तीन बार कहकर कुल तीन महीने की मियाद के भीतर शौहर अपनी पत्नी को दे सकता है। यहां दूसरे और तीसरे महीने में मध्यस्थता की भी गुंजाइश रहती है, तो तलाक जहां होना है, वहां तो होकर ही रहता है। इससे कचहरी में मुकदमेबाजी बढ़ रही है। – **सुरैया खान, वरिष्ठ अधिवक्ता**



तलाक-ए-बिद्दत यानी एक बार में तीन तलाक देने को गैरकानूनी करार देने वाले कानून का तहेदिल से खैरमकदम करती हूं। इस कानून ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को जो सुरक्षा और निश्चिंतता दी है, उसके लिए वह केंद्र सरकार का आभार प्रकट करती हैं। इस कानून से मौखिक, लिखित, इलेक्ट्रानिक (एसएमएस, ई-मेल, ह्वाट्सएप) पर तलाक देने की प्रवृत्ति पर रोक लगी है। मुस्लिम महिलाएं अब अपने जीवन को सुरक्षित पा रही हैं। **– नूर फातिमा, फौजदारी अधिवक्ता**



मुस्लिम समाज का जो पढ़ा लिखा वर्ग है, वह कभी तीन तलाक का पक्षधर नहीं रहा। तीन तलाक का कानून बनाने के साथ ही उसके संबंध में प्रचार-प्रसार बहुत आवश्यक है। तलाक कोई बुनियादी समस्या नहीं है। मुस्लिम समाज के शिक्षा और रोजगार आदि बुनियादी चीजों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो तलाक जैसी सारी समस्याएं खुद ही खत्म हो जाएंगी। - **प्रो. आफताब अहमद आफाकी, उर्दू विभाग, बीएचयू**



तीन तलाक के खिलाफ जो कानून बना है, वह मुस्लिम समाज की महिलाओं को एक सशक्त अधिकार दिया है और उसका फायदा भी मिल रहा है। हालांकि मुस्लिम समाज की महिलाओं में अभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की बड़ी कमी है। इस कानून के साथ ही हमें मुस्लिम समाज की महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक कर उनकी सोच को विकसित करना होगा। **– प्रो. श्वेता प्रसाद, समाजशास्त्र विभाग, बीएचयू**







**BANARAS BEADS LIMITED** (An ISO Certified Company)

BBL® ESTD. 1940

(An export House Recognised by Government of India)

Regd. & Head Office : **A-1 Industrial Estate, Varanasi-221106** (CIN No.L01131UP1980PLC004984)

Ph : 0542-2370161-64(4lines) E-mail : rksingh@banarasbead.com, investor@bblinvestor.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF STAND ALONE UN AUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2020** (Rs. in lacs)

| Sl. No. | PARTICULARS | Quarter Ended 30.06.2020 Un-Audited | Quarter Ended 30.06.2019 Un-Audited | Year Ended 31.03.2020 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 396.77 | 369.88 | 2578.06 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax Exceptional and/or Extraordinary items) | 78.91 | 46.16 | 323.26 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 78.91 | 46.16 | 323.26 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 60.91 | 34.66 | 234.16 |
| 5. | Total comprehensive Income for the period [Comprising profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 60.91 | 34.66 | 234.16 |
| 6. | Equity Share Capital | 661.39 | 661.39 | 661.39 |
| 7. | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 4104.60 | 3874.92 | 3874.92 |
| 8. | Earning Per Share (of Rs.10/- each) Basic & Diluted | 0.92 | 0.52 | 3.53 |

Notes : 1. The above is an extract of the detailed format of Un-audited financial result filed with stock exchanges under Regulation 33(3) (c) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015 as amended and prepared in accordance with IND AS.

2. The full format of Quarterly Financial Result are available on the Bombay Stock Exchange website (URL : www.bseindia.com/corporates), the National Stock Exchange website (URL:www.nseindia.com/corporate) and on the Company's website (URL:www.bblinvestor.com).

3. Corresponding figures in previous year / period have been regrouped wherever considered necessary.

4. Due to outbreak of COVID -19 globally and in India, the operating result of quarter ended 30th June,2020 was not much effected. However, the Company's management has made internal assessment of the probable impact on business and believes that impact is likely to be short term in nature and does not foresee any medium to long term risk in Company's ability to continue a going concern.

5. The above financial for quarter ended on 30.06.2020 were reviewed and recommended by the audit committee and approved by the Board in the meeting held on 30.07.2020

By order of the Board
For BANARAS BEADS LTD.
Sd/-
(ASHOK KUMAR GUPTA)
Chairman & Managing Director

Date : 30.07.2020
Place : VARANASI



**U.P. ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION**

Vidyut Niyamak Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010. Ph.: 0522-2720426, Fax : 0522-2720423, E-mail : secretary@uperc.org, www.uperc.org

Ref : UPERC/D (Tariff) / 2020-21/ 687 Dated : July 30th, 2020

**PUBLIC NOTICE**

The State Owned Distribution Companies, viz. **Dakshinanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd. (DVVNL), Madhyanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd. (MVVNL), Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd. (PVVNL), Purvanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd. (PuVVNL) and Kanpur Electricity Supply Company Ltd. (KESCO)** have filed Petitions for True-Up for FY 2018-19, Annual Performance Review for FY 2019-20 and determination of Aggregate Revenue Requirement (ARR) / Tariff for FY 2020-21, before the **Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission (UPERC / Commission).**

The Commission vide Order dated 28th July, 2020 has admitted the Petitions and has decided to hold **"Public Hearing"** to invite suggestions and objections from stakeholders and public at large. In the wake of prevailing pandemic of COVID-19 (the Corona Virus), and subsequent requirement of social distancing, the **"Public Hearing"** will be conducted through Video Conferencing (VC) as per below details :

| Licensee | Date of Hearing | Reserve Day* |
|---|---|---|
| DVVNL, PVVNL and KESCO | 10th August, 2020, 11:00 hours (Monday) | 11th August, 2020, 11:00 hours (Tuesday) |
| MVVNL and PuVVNL | 13th August, 2020, 11:00 hours (Thursday) | 14th August, 2020, 11:00 hours (Friday) |

* in case due to whatsoever reason the Public Hearing cannot be completed on the date of hearing.

All stakeholders who wish to participate in the Public Hearing shall send an e-mail on office@uperc.org latest by 8th August, 2020 providing their name, gmail id, organisation, designation, consumer account no., mobile number, address to register themselves and shall follow the "instructions For Public Hearings in UPERC through Video Conferencing" available on UPERC website (www.uperc.org). The participants will be heard by the commission in a sequence.

Desirous stakeholders and registered participants shall positively submit their written submissions in the hard copies (one original + 5 sets of copies) along with verified affidavit (as prescribed) to the Secretary, UPERC by 8th August, 2020. The submission should also be sent in PDF and Word / Excel Format on the email id: office@uperc.org. It should be ensured that the Licensee name for whom the submission pertains to, is written in the subject line, otherwise it may not be taken into consideration.

The licensee has also been directed to publish the summary of the Petitions in news-papers, inviting suggestions and objections. The Stakeholders should regularly check the Commission's website (www.uperc.org) & Licensee's websites for updates/information etc.

**Secretary**





